500 फीट तक के बोर सूखे, नहीं निकल रहा पानी

खास बातें

- टीलाखेड़ी रहवासी बूंद-बूंद को तरसे
- एसडीएम ने किया निरीक्षण
- नए बोरवेल और टैंकर बढ़ाने के निर्देश
- दो ट्यूबवेल किए अधिग्रहण

नवभारत न्यूज
विदिशा 27 मई, शहर के लाइन

पार क्षेत्र स्थित टीलाखेड़ी कॉलोनी में लगातार गहराते जल संकट को लेकर बुधवार को एसडीएम क्षितिज शर्मा एवं नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने पेयजल समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया, जिस पर प्रशासन ने तत्काल राहत देने के निर्देश जारी किए.

एसडीएम ने नगर पालिका प्रशासन को टीलाखेड़ी क्षेत्र में पानी की टंकी के पास नया बोरवेल कराने के आदेश दिए. साथ ही कुछ चयनित बोरवेलों का अधिग्रहण कर उनसे पेयजल सप्लाई शुरू करने के निर्देश भी दिए गए. प्रशासन ने क्षेत्र में पानी की आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के लिए टैंकरों की संख्या दोगुनी करने के निर्देश नगर पालिका को दिए हैं, ताकि आम नागरिकों को जल्द राहत मिल सके. अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम शीघ्र उठाए जाएंगे. एसडीएम क्षितिज शर्मा ने बताया कि टीला खेड़ी क्षेत्र में फिलहाल दो ट्यूबवेल अधिग्रहित किए गए हैं.जहां-जहां आवश्यकता होगी, वहां अतिरिक्त ट्यूबवेलों का अधिग्रहण कर जल समस्या का समाधान किया जाएगा. उन्होंने बताया कि पानी की टंकी के पास नए ट्यूबवेल के बोर के लिए भी नगर पालिका को निर्देशित किया गया है.

> **पानी की टंकी से 400 परिवार को होती थी सप्लाई**
>
> वार्ड 39 टीला खेड़ी में जल संकट लगातार विकराल होता जा रहा है। क्षेत्र निवासी शैलेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि टीला खेड़ी वार्ड काफी बड़ा क्षेत्र है और यहां पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है.हालत यह हैं कि 500 फीट तक के बोरवेल भी सूख चुके हैं. उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के समय बनाई गई पानी की टंकी से करीब 400 परिवारों को पानी की सप्लाई होती थी, लेकिन बोर सूख जाने के कारण अब टंकी भी नहीं भर पा रही है. इससे लोगों को रोजाना पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है. शैलेंद्र सिंह राजपूत के अनुसार नगर पालिका द्वारा क्षेत्र में 42 पॉइंट बनाए गए थे, जहां टैंकरों के माध्यम से जल सप्लाई की जा रही थी, लेकिन टैंकरों की संख्या कम होने से पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पा रही थी। बुधवार को एसडीएम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया और जल संकट को देखते हुए पानी के टैंकर बढ़ाने तथा बोरवेल अधिग्रहण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं. स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन के इन कदमों से राहत मिलेगी.

बंसल कंपनी के मिक्सर ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

- महिला गंभीर घायल भोपाल रेफर
- पुलिस ने मिक्सर वाहन जब्त किया

नवभारत न्यूज

विदिशा 27 मई, मंगलवार सुबह अहमदपुर रोड स्थित फोरलेन ब्रिज के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. हादसे के बाद काफी देर तक मृत और घायल मौके पर पड़े रहे बाद में जागरूक नागरिकों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया.

पुलिस ने मामले की जांच करते हुए बंसल कंपनी के मिक्सर वाहन को जब्त कर लिया है. जानकारी के अनुसार रॉयल सिटी निवासी 20 वर्षीय देव पुत्र हरिनारायण तामेश्वरी अपने चचेरे भाई रोहन तामेश्वरी और चाची नीलम तामेश्वरी के साथ बाइक से गुलाबगंज क्षेत्र के मढ़िया सेमरा गांव जा रहे थे. सुबह करीब 8 बजे जब वे अहमदपुर बायपास स्थित फोरलेन के नए ब्रिज के शुरुआती हिस्से पर पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे बंसल कंपनी के मिक्सर वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. हादसा इतना भीषण था कि देव तामेश्वरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रोहन गंभीर रूप से घायल हो गया. दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में रोहन ने भी दम तोड़ दिया. वहीं गंभीर रूप से घायल नीलम तामेश्वरी की हालत नाजुक होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी.प्रारंभिक जांच में पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में घटनास्थल और आसपास की जानकारी जुटाने पर सामने आया कि बाइक को टक्कर बंसल कंपनी के मिक्सर वाहन ने मारी थी. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संबंधित मिक्सर वाहन को जब्त कर थाने में खड़ा कर दिया है। मामले की जांच जारी है तथा वाहन चालक की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है. इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने फोरलेन पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर नियंत्रण लगाने और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है.

ईदगाह सहित शहर की चार मस्जिदों में होगी ईद की नमाज

नवभारत न्यूज

सिरोंज, ईदुल अज़हा 28 मई को मनाई जावेगी. जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉ. वसीम ने बताया कि ईद की नमाज ईदगाह पर सुबह 7 बजे, जामा मस्जिद में 7.15 बजे, ताज मस्जिद में 7.30 बजे, कमनगिरान मस्जिद में 7.45 बजे एवं बिलाल मस्जिद में 8 बजे अदा की जावेगी. जिसके बाद शहर एवं आसपास के क्षेत्र में प्रशासन द्वारा निर्धारित जगहों पर कुर्बानी की जावेगी. उन्होंने मुस्लिम समाजजनों से प्रशासन द्वारा निर्धारित जगहों पर ही कुर्बानी करने का आग्रह किया.

मण्डीबामोरा रेलवे स्टेशन से मिली गुमशुदा बच्ची, पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंपा

नवभारत न्यूज

विदिशा, थाना गंजबासौदा शहर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 वर्षीय गुमशुदा बालिका को मात्र 4 घंटे के भीतर मण्डीबामोरा रेलवे स्टेशन से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया. पुलिस की सक्रियता और संवेदनशीलता के चलते बालिका सकुशल अपने परिवार तक पहुंच सकी. जानकारी के अनुसार दिनांक 26 मई को थाना गंजबासौदा शहर में एक व्यक्ति ने सूचना दी कि उसकी 10 वर्षीय पुत्री शाम करीब 7.30 बजे से लापता है. सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बालिका की तलाश शुरू कर दी. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा जिले में गुम बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं. उन्हीं निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी गंजबासौदा श्रीमती शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय वेदिया के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया. गठित टीमों को अलग-अलग क्षेत्रों में रवाना किया गया. पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा जीआरपी एवं आरपीएफ पुलिस को तत्काल सूचना देकर बालिका का फोटो साझा किया. इसी दौरान जीआरपी मण्डीबामोरा को रेलवे प्लेटफॉर्म पर एक बालिका के घूमने की सूचना मिली. तस्दीक करने पर वह गुमशुदा बालिका निकली. सूचना मिलते ही शहर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बालिका को मण्डीबामोरा रेलवे स्टेशन से दस्तयाब कर लिया.

वर्षों पुराने विवादों का हुआ समाधान, पंचायत में भावुक हुए परिजन

सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में कई मामलों का हुआ निराकरण

नवभारत न्यूज

विदिशा. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की बैठक भावनात्मक और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई. बैठक में वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े कई पारिवारिक विवादों का समाधान कराया गया. एक प्रकरण में विदिशा निवासी वरिष्ठ नागरिक ने शिकायत की थी कि उनके बड़े बेटे ने पत्नी के नाम के मकान पर कब्जा कर लिया है और उन्हें वहां जाने से रोका जा रहा है. पंचायत में मामला पहुंचने के बाद बेटे ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए पिता से माफी मांगी और भविष्य में शांतिपूर्ण व्यवहार का भरोसा दिलाया. इसके बाद परिवार में चल रहा जमीन और मकान संबंधी विवाद भी समाप्त हो गया. दूसरे प्रकरण में 80 वर्षीय वृद्ध महिला ने अपने बेटों पर भरण-पोषण में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया. पंचायत में सभी बेटों को बुलाया गया. शुरुआत में बेटों ने मां को एक-एक माह अपने पास रखने का प्रस्ताव रखा, जिस पर पंचायत ने नाराजगी जताई. समझाइश के बाद सभी बेटे इस बात पर सहमत हुए कि मां बड़े बेटे के साथ ही रहेंगी तथा अन्य तीन बेटे हर माह एक-एक हजार रुपये भरण-पोषण के लिए देंगे.

> **बेटों में जागी मां के प्रति संवेदनशीलता**
>
> एक अन्य मामले में वर्षों से चल रहे पारिवारिक विवाद में पंचायत की समझाइश के बाद पिता, बेटे और भाइयों के बीच सुलह हो गई. विवाद इतना बढ़ गया था कि मारपीट और एफआईआर तक की नौबत आ चुकी थी. पंचायत के समक्ष सभी ने आपसी सहमति से राजीनामा किया और गिले-शिकवे दूर कर एक-दूसरे को गले लगाया. इस दौरान कई चेहरे भावुक हो उठे. इसके अलावा भूमि विक्रय से जुड़े एक मामले में भी पंचायत ने निष्पक्ष समाधान का प्रयास किया. वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान और पारिवारिक सौहार्द बनाए रखने की दिशा में विदिशा पुलिस की यह पहल लगातार सराहनीय मानी जा रही है.

चांदी और बिल भी अपने पास रख लिए, पैसा भी नहीं दिया

- दुकान संचालक पर रकम हड़पने का आरोप
- पीड़ित दो दिनों से थाने के चक्कर लगाने को मजबूर

नवभारत न्यूज

विदिशा, बैरसिया तहसील के ग्राम पारसोरा निवासी शिवराज जाटव ने सिविल लाइन थाने में एक ज्वेलर्स संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है. पीड़ित का आरोप है कि जेल रोड स्थित साधना ज्वेलर्स के संचालक ने उनसे चांदी खरीदने के बाद न तो रकम लौटाई और न ही भुगतान किया. शिकायत के बाद से दुकान संचालक गायब है.

पीड़ित शिवराज जाटव के अनुसार उन्होंने कुछ समय पहले साधना ज्वेलर्स से चांदी खरीदी थी। कुछ दिनों बाद जब उन्होंने जब पैसों की जरूरत पड़ी तो वह वही चांदी वापस उसी दुकान पर बेचने का निर्णय लिया तो दुकान संचालक ने चांदी अपने पास रख ली. साथ ही बिल भी जमा कर लिया और करीब 1 लाख 96 हजार रुपये देने की बात कही. आरोप है कि इसके बाद दुकान संचालक ने न तो रकम दी और न ही संपर्क में आया। शिवराज जाटव का कहना है कि जब उन्होंने कई बार दुकान और घर जाकर संपर्क करने की कोशिश की तो दोनों जगह ताले लगे मिले. मामले की शिकायत लेकर वे पिछले दो दिनों से सिविल लाइन थाने के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें राहत नहीं मिली है. पीड़ित ने यह भी बताया कि जिस चांदी को उन्होंने साधना ज्वेलर्स से खरीदा था, उसे बाद में बैरसिया में गिरवी रखने के लिए ले जाया गया। वहां जांच के दौरान बताया गया कि चांदी केवल 30 प्रतिशत शुद्ध है. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम दुकान संचालक की तलाश कर रही है, लेकिन फिलहाल उसका कोई पता नहीं चल पाया है। सिविल लाइन थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी.

बोलेरो पिकअप की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत, युवक गंभीर घायल

- सलेतरा जोड़ पर भीषण सड़क हादसा

नवभारत न्यूज

कुरवाई. मेहलुआ-कुरवाई स्टेट हाईवे पर बुधवार सुबह करीब 8 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसा सलेतरा जोड़ के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मूंड़री थाना त्योंदा निवासी 60 वर्षीय गणेशराम मीना पिता विहारी लाल मीना एवं 21 वर्षीय राजा मीना पिता श्रीराम मीना बाइक से जा रहे थे. इसी दौरान बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक स्क 40 ब्र 7174 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी.हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरवाई पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने गणेशराम मीना को मृत घोषित कर दिया. वहीं गंभीर रूप से घायल राजा मीना की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है.

घटना की सूचना मिलते ही कुरवाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है. वहीं दुर्घटनाकारित बोलेरो पिकअप की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है. स्थानीय लोगों ने हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है.

मनरेगा में फर्जीवाड़े के आरोप, एक ही मजदूर की दो-दो बार लगाई गई हाजरी

- एनएमएमएस पोर्टल पर फर्जी उपस्थिति दर्ज कर सरकारी राशि निकालने का आरोप
- जनपद पंचायत स्तर के अधिकारियों की भूमिका पर भी उठे सवाल

नवभारत न्यूज

नटेरन. जनपद पंचायत नटेरन की ग्राम पंचायत आमखेड़ा सूखा में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े के आरोप सामने आए हैं. आरोप है कि एनएमएमएस पोर्टल पर एक ही मजदूर की दो-दो बार फोटो अपलोड कर फर्जी उपस्थिति दर्ज की जा रही है और सरकारी राशि की बंदरबांट की जा रही है. मामले में जनपद पंचायत स्तर के अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं.

सूत्रों के अनुसार नटेरन जनपद पंचायत में कुछ लोगों द्वारा 10 रुपये हफ्ता हाजरी के नाम पर फर्जी उपस्थिति दर्ज करने का काम किया जा रहा है. ग्राम पंचायत आमखेड़ा सूखा में मनरेगा के तहत चल रहे कपिलधारा कूप निर्माण कार्यों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं.बताया जा रहा है कि मास्टर क्रमांक 2365 में एक महिला मजदूर का फोटो दो बार अपलोड कर मजदूरी निकाली गई. वहीं मौके पर चार मजदूर मौजूद थे लेकिन पोर्टल पर पांच मजदूरों की उपस्थिति दर्ज कर दी गई. इसी प्रकार मास्टर क्रमांक 2491 में भी एक मजदूर का दोबारा फोटो डालकर फर्जी मजदूरी निकाले जाने का आरोप है.सबसे गंभीर बात यह बताई जा रही है कि जिस महिला का फोटो मास्टर क्रमांक 2365 में दो बार उपयोग किया गया, उसी दिन उसी महिला की मजदूरी मास्टर क्रमांक 2491 में भी दर्ज कर दी गई. इससे यह आशंका गहराती जा रही है कि मनरेगा योजना में सुनियोजित तरीके से फर्जी हाजरी लगाकर लाखों रुपये की राशि निकाली जा रही है.ग्रामीणों का आरोप है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बगिया निर्माण, पानी सोखता गड्ढा सहित कई अन्य निर्माण कार्य भी फर्जी निकल सकते हैं और उनमें दर्शाई गई मजदूरी भुगतान में भी भारी गड़बड़ी सामने आ सकती है.मामले को लेकर जब नटेरन जनपद पंचायत के सीईओ जितेंद्र जैन से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मनरेगा योजना में एनएमएमएस पोर्टल पर फर्जी उपस्थिति दर्ज नहीं की जा सकती. यदि इस प्रकार की कोई अनियमितता सामने आती है तो जांच कराकर संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी.

उज्जैन दक्षिण के कांग्रेस प्रभारी बने सुरेंद्र

नवभारत न्यूज

सिरोंज, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी को उज्जैन दक्षिण विधानसभा का प्रभारी बनाया है. उनकी इस नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए उनको बधाई दी. एवं वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताता है.

खबर का असर | **नगरीय प्रशासन का बड़ा फैसला, नियम विरुद्ध प्रभार और अटैचमेंट तत्काल प्रभाव से समाप्त**

मध्य प्रदेश में प्रभारी सीएमओ और इंजीनियरों की नियुक्तियां रद्द

नवभारत न्यूज

कुरवाई. मध्य प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने नगरीय निकायों में नियमों को दरकिनार कर दिए गए प्रभार और अनाधिकृत संलग्नीकरण (अटैचमेंट) पर बड़ा प्रहार करते हुए सख्त कार्रवाई की है. संचालनालय द्वारा नियम विरुद्ध जारी सभी प्रभार आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त कैलाश वानखेड़े द्वारा जारी आदेश के बाद प्रदेशभर के नगरीय निकायों में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है.

आयुक्त द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि भविष्य में किसी भी अपात्र कर्मचारी को शासकीय पदों का प्रभार सौंपना वित्तीय अनियमितता और कदाचार माना जाएगा. ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.

कुरवाई नगर परिषद में प्रशासनिक मर्यादा तार-तार, नियमों को बनाया बंधक

- जांच के घेरे में अध्यक्ष, फिर भी उनकी पसंद से हुई नियुक्ति
- प्रोबेशन अधिकारी को सीएमओ का प्रभार
- अमृत 2.0 में अनियमितताओं के आरोप

नवभारत न्यूज

कुरवाई. मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत भोपाल संभाग में 'अस्थाई व्यवस्था' के नाम पर नियमों को दरकिनार किए जाने का मामला सामने आया है. विदिशा जिले की नगर परिषद कुरवाई में प्रशासनिक निर्णयों को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं. आरोप है कि सत्ता और प्रभाव के चलते वैधानिक प्रक्रिया की अनदेखी कर दागी चेहरों को जिम्मेदार पदों पर बैठाया जा रहा है.

मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि नगर परिषद कुरवाई की अध्यक्ष आयशा हसरुद्दीन खान स्वयं विभागीय जांच का सामना कर रही हैं. इसके बावजूद उनकी अनुशंसा पर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई. इस निर्णय ने नियुक्ति प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

विभागीय आदेशों के अनुसार राजस्व उप निरीक्षक राजेश कोंकर, जो अभी परिवीक्षा अवधि में हैं, उन्हें मुख्य नगर पालिका अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पद का प्रभार सौंप दिया गया. स्थापित नियमों के तहत प्रोबेशन अवधि में किसी कर्मचारी को स्वतंत्र प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं दी जाती. जानकारी के अनुसार 17 जून 2025 को उनका स्थानांतरण रायसेन से विदिशा हुआ और 20 जनवरी 2026 के आदेश के बाद महज 10 दिन में 2 फरवरी 2026 को उन्हें कुरवाई का प्रभार दे दिया गया. इस त्वरित प्रक्रिया पर विभाग की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं.

स्थापना शाखा में भी नियम विरुद्ध नियुक्ति

प्रभारी अधिकारी द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद लिए गए फैसले भी विवादों में हैं. आरोप है कि हर्षिता एलिया नामक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को स्थापना शाखा प्रभारी बना दिया गया, जबकि यह शाखा अत्यंत संवेदनशील मानी जाती है. नियमों के अनुसार इस तरह के पद पर केवल नियमित और अनुभवी कर्मचारी की नियुक्ति की जा सकती है.केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत 2.0 योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्यों में भी गड़बड़ियों के आरोप सामने आए हैं. बताया जा रहा है कि स्वीकृत प्राक्कलन के विपरीत निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है. आरोप यह भी है कि विकास कार्यों की आड़ में कमीशनखोरी को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो रहे हैं.

जनता के सवाल और कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिस अधिकारी को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए, उसी पर पर विवादित तरीके से नियुक्ति कर दी गई है. इससे पूरे प्रशासनिक तंत्र की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग गया है. नागरिकों ने प्रदेश सरकार और विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि अवैध नियुक्तियों को निरस्त कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

अब भोपाल मुख्यालय से तय होंगे प्रभार

शासन ने प्रभार सौंपने की प्रक्रिया को पूरी तरह नियंत्रित करते हुए संभाग स्तर की मनमानी पर रोक लगा दी है. अब किसी भी कर्मचारी को सीधे संभाग स्तर से प्रभार नहीं दिया जा सकेगा. रिक्त पदों के लिए संभागीय कार्यालयों को पात्र कर्मचारियों की सूची एवं प्रस्ताव संचालनालय भोपाल भेजना होगा, जहां परीक्षण के बाद अंतिम स्वीकृति दी जाएगी.

तीन चरणों में तय होगी पात्रता

सरकार ने रिक्त पदों पर प्रभार देने के लिए तीन स्तरीय प्राथमिकता प्रणाली लागू की है.प्रथम प्राथमिकता में संबंधित जिले के मूल संवर्ग के पात्र अधिकारियों को मौका दिया जाएगा.यदि जिले में पात्र अधिकारी उपलब्ध नहीं है, तो पोषक संवर्ग के कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची के आधार पर प्रस्ताव तैयार होगा.जिले में भी पात्र कर्मचारी नहीं मिलने पर ही संभाग स्तर से नाम भेजे जाएंगे.

> **केवल पात्र कर्मियों को मिलेगा मुख्य नगर पालिका अधिकारी का प्रभार**
>
> आदेश के अनुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी का प्रभार केवल उन्हीं अधिकारियों या कर्मचारियों को दिया जा सकेगा, जो निर्धारित पात्रता और न्यूनतम सेवाकाल पूरा करते हों. इसमें राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, कार्यालय अधीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक वर्ग-एक एवं मुख्य लिपिक सह लेखापाल जैसे पोषक संवर्ग के पद शामिल किए गए हैं.इसी प्रकार इंजीनियरिंग एवं वित्त सेवा से जुड़े पदों पर भी पात्रता आधारित नियुक्ति के निर्देश जारी किए गए हैं.दोषी अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई आयुक्त ने चेतावनी दी है कि यदि किसी अपात्र कर्मचारी से बिना अधिकार वाले आदेश के तहत कार्य कराया गया तो संबंधित कार्यवाही और वित्तीय लेन-देन को शून्य माना जाएगा. साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.इस आदेश की प्रतियां प्रदेश के सभी संभागीय आयुक्तों, जिला कलेक्टरों, संयुक्त संचालकों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भेज दी गई हैं, ताकि नए नियमों के तहत तत्काल व्यवस्था लागू की जा सके.

गंगा दशहरा पर स्व. दानेन्द्र दुबे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

नवभारत न्यूज

विदिशा, गंगा दशहरा के पावन अवसर पर ग्राम बर्रो में स्वर्गीय दानेन्द्र दुबे की बारहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का भावपूर्ण आयोजन किया गया. कार्यक्रम में परिजनों, ग्रामवासियों एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने उनके स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए.इस अवसर पर उनके पुत्र राजेश दुबे बर्रो ने अपने पिता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि स्वर्गीय दानेन्द्र दुबे सरल, सहज एवं कार्यकुशल व्यक्तित्व के धनी थे. उन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा तथा जन्मभूमि और कर्मभूमि के प्रति समर्पण भाव से हमेशा समाज सेवा का कार्य किया. उन्होंने कहा कि उनके आदर्श और कार्यशैली आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं.कार्यक्रम में पंडित प्रीत बाबू शर्मा ने गंगा दशहरा के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व पुण्य, आस्था और जनकल्याण का प्रतीक है. इस दौरान उपस्थित गुरुजनों ने स्वस्तिवाचन कर स्वर्गीय दानेन्द्र दुबे को श्रद्धापूर्वक नमन किया.श्रद्धांजलि सभा में बर्रो, खजूरी, सलैया, गौरियाँखेड़ा, भटखेड़ी, पिपरिया, अजीत, सलईखेड़ी सहित अनेक गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए.

नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण

नवभारत न्यूज

विदिशा. आधुनिक भारत के निर्माता एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नेहरू चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई.कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्र भारत के निर्माण, लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने तथा औद्योगिक और वैज्ञानिक विकास में पंडित नेहरू के योगदान को याद किया.हालांकि कार्यक्रम में कांग्रेस के बड़े नेताओं और विधानसभा टिकट के दावेदारों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही. आयोजन स्थल पर केवल पार्टी कार्यकर्ता ही सक्रिय नजर आए. राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं भी होती रहीं.कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक भारत की नींव रखी और उनके कार्यकाल में देश ने विकास और प्रगति के नए आयाम स्थापित किए.